सेरेंडी : यह पाड़ बहुत ज्यादा पतला है।

कानु : अधिक मोटा पाड़ मुझे पसन्द नहीं

सेरेंडी : यह (कैसा पसन्द है?)

कानु : वह तो पसन्द आएगा, शायद।

सेरेंडी : 'शायद' में न रूको। हाँ कहो या नहीं।

कानु : हाँ, लाओ, ले लेते हैं। कितनी देर तक उसे देखते रहेंगे।

सेरेंडी : तो उसे कहिए।

कानु : (साहू की ओर) हमने धोती तो चुन ली। ये दो अब साड़ियां देख लेते हैं।

साहू : (साड़ियां उनके सामने फेंकते हुए) ये एक प्रकार की, ये एक प्रकार की। लीजिए, चुनिए।

कानु : (पत्नी के साथ उलाट-पलाट रहे हैं।) मुझे तो यह पसन्द है।

सेरेंडी : मैं भी देख लेती हूँ। आँखो को सभी एक सी लगती है।

कानु : धोतियां चुनते समय तो तुम्हारी आँख ठीक थी!

सेरेंडी : हाँ, यह तो मेरे पहनने की है न।

कानु : अधिक दाम की न चुनना।

सेरेंडी : कुछ अच्छी साड़ी तो मेरी एक भी नहीं हैं।

कानु : कितनी अच्छी चाहती हो।

सेरेंडी : मेले-बाजारों में कभी-कभी पहनने ने लिए।

कानु : इसे पहनकर बच्चा गोद में लिए रहो तो बड़ी अच्छी लगेगी। लाल-पीला रंगभरी!

सेरेंडी : तुम्हारी बातों का....। लाओ, तुमने कौन सी चुनी है।

कानु : नहीं, जो तुम चुनो वही।

सेरेंडी : यह पसन्द है कि नहीं?

कानु : अगर तुम्हें पसन्द है तो मुझे भी पसन्द है।

सेरेंडी : और एक यह।

कानु : हा, ठीक है।

सेरेङडी : मार गोनोङ लाङ आयुमलेआ।

कानु : (साउ मुलि) ने: नेआकिङ लिङसालाकेदा। ने.... मारना:दो गोनोङ लिङ आयुमलेआ।

साउ : इसु बुगिना: कोगेबेन सालाकादा। सोबेन रे उपुन हिसि होबाओ: ताना।

सेरेङडी : (कानु मुलि) बापारि: गोनोङाकादा।

कानु : सोबेना:गे गोनोङाकाना डो: ने दिन दो। .... इदोए बागेआचि का?

सेरेङडी : मार जागार लेकाइ मे।

कानु : (साउ मुलि) आलिङ लेकाते मोद चोकोए: पुरा: नो: जाना। बागेनोए: मे।

साउ : आञा: दोकान रे मिआद गोनोङ गे मेनेआ: दो बेन इतुआन गेरेओ बेन बागे रिकाजा:ञा।

कानु : हे कालिङ गो: दाड़िआ:।

साउ : किचिरि को दाङ एनकाना: गेबेन सालाकादा।

कानु : गोनोङोदाङ एनकागे टोगोगा। बुगिन चीज दो डो: हुड़िङ लागो:गेआ।

सेरेङडी : (कानु मुलि हायाड़ाते) कालाङा:इमताङ दो दोलाङ।

कानु : बेएसे लाङ सालाबाइआकाद, तायोमते जा: ओकोए किरिङ केरेदो।

सेरेङडी : काए: कोओमेन रेदो कालाङा। आमिनाङ टाका....।

कानु : (साउमुलि) काम बागेएरेदो कलिङ दाड़िआ:।

साउ : चिमिनाङ बेन ओमेआ सोबेन रे।

कानु : (सेरेङडी मुलि हायाड़ाते) चिमिनाङ लाङ मेताइआ।

सेरेङडी : आपि हिसि मेताइमे।

कानु : (साउ मुलि) आपि हिसि लिङ ओमामेआ।

साउ : अनका दो आलोबेन रिकाञा। नेका बागे केरेदो को तागातेञ आसुलेना।

सेरेङडी : तेआर गिड़िआकान रेओ आसुलोगा: गेम काजिताना।

सेरेंडी : अब दाम सुन लेते हैं।

कानु : (साहु की ओर) हमने चुन ली है। .... लीजिए, अब हम दाम सुन लेते हैं।

साहू : आपने बहुत अच्छे कपड़े चुने हैं। .... सब मिलाकर अस्सी रूपए होते हैं।

सेरेंडी : (कनु की ओर) बाप रे, उसने (बहुत) दाम रखा है।

कानु : आज कल तो सभी चीजों का दाम बढ़ गया है। .... पता नहीं कुछ छोड़ेगा या नहीं।

सेरेंडी : ठीक है, बात करके देखो।

कानु : (साहू की ओर) हमारे लिए यह दाम थोड़ा अधिक पड़ रहा है। थोड़ा सा कम कीजिए।

साहू : मेरी दुकान पर एक दाम ही होता है फिर भी आप मुझे कम करा रहे हैं।

कानु : हाँ, हम यह दाम दे नहीं सकेंगे।

साहू : आपने कपड़े भी तो वैसे ही चुने हैं।

कानु : पसन्द आए इसलिए तो हमने चुने हैं।

साहू : दाम भी तो वैसा ही लगेगा। अच्छा चीजों का दाम कुछ ज्यादा होता ही है।

सेरेंडी : (कनु की ओर) तब तो हम नहीं लेंगे। चलो।

कानु : हमने अच्छी तरह चुन लिये हैं। बाद में कोई ले ले तो?

सेरेंडी : कम नहीं करेगा तो नहीं लेंगे। .....इतने रूपए!

कानु : (साहू की ओर) कम नहीं कीजिएगा तो हम नहीं सकेंगे।

साहू : कितने देंगे सब मिलाकर?

कानु : (सेरेंडी की ओर धीरे से) हम कितना कहें?

सेरेंडी : साठ कहो।

कानु : (साहू की ओर) हम साठ देंगे।

साहू : वैसा न कीजिए। ऐसा छोड़ूंगा तो कहाँ से जिन्दा रहूँगा?

सेरेंडी : इतने मोटे हो गए हैं फिर भी जिंदा रहने की बात कर रहें हैं।

साउ : आछा मार ओड़ो: गेल टाका गोगेबेन।

कानु : का एनागे आलिङा: टुनडु जागार। हे रेदो हे, का रेदो का।

साउ : का काञ दाड़िआ: आमिनाङ हाड़ागुन दो।

कानु : तोबे दो काबु बापाइआ। (सेरेङडी मुलि) दोलाङ..... (बिरिद तानाकिङ)

साउ : हों ..... आमिनाङ गे जी सुकुआकान रेदो इदि केबेन तोबे। जाओरेन गाकि चिलकाञ बागे बेना।

कानु : (टाका लेका जाद लो:) ने:।

साउ : (टाकाए: लेकजादा) ओड़ो: जा: जाना: सुकुतान रेदो।

कानु : तिसिङ दो निमिनाङ गे।

साउ : आछा मार ने। जोआर।

कानु : मार जोआर।

साहू : अच्छा ही है, और दस रूपये दीजिए।

कानु : नहीं, वही हमारी अंतिम बात है। पसन्द हो तो हां कहिए, नहीं तो नहीं।

साहू : मैं उतना नहीं कम कर सकुँगा।

कानु : तब तो हमारी बातें नहीं मिलतीं। (सेरेंडीं की ओर) चलो। (उठते हैं।)

साहू : ठहरिए। .... उतना ही मन लग गया है तो ले जाइए। पुराने ग्राहक है कैसे छोड़ूँगा।

कानु : (रूपए गिनते हुए) लीजिए।

साहू : (रूपए गिनता है) कुछ और पसन्द हो तो....।

कानु : आज तो इतना ही।

साहू : अच्छा, तो लीजिए। जोहार।

कानु : जोहार।

11. हातुरे डाक्टर

(डाक्टर सायोब फटफटिआते: हाड़ागुनताना, रूआतान कोआ: ओड़ा: ता: रे।)

ओडा: किसान : जोआर, डाक्टर सायोब।

डाक्टर : जोहार! ओकोए हासुताना।

ओड़ा: किसान : (रूआतानिआ पारकोम मुलि चुण्डुल जालो:) ने होन गोमके।

डाक्टर : (होन ती साब जाइलो:) चिलकाओ तानाए:?

ओड़ा: किसान : होड़ोमोए: लोलोताना।

डाक्टर : राबाङ दो?

ओड़ा: किसान : राबाङोए: राबाङताना रूआ राकाबतान रे।

डाक्टर : चिमताङाते: नेकाताना?

ओड़ा: किसान : उपुन मा होबाओ:ताना।

डाक्टर : (होने: जाँच जा:इआ) मार मोचा चाबलेम। (मेदे: लेल जा:इआ) मेद किङ लागा मेआ चि।

होन : हे, बोओ बिउरतान लेकाञ टोओंरेआ।

डाक्टर : दुब मे। (सायाद आगाम मेंड़ेद ते: आगाम जा:इआ) जिलिङ गे सायादे मे। मोचा ओटा: केआते .....हे, एनका। कोता: को हासुजाद मेआ?

होन : मुकुड़ि को काटा चोमपा को। देआ को।

डाक्टर : बोओ दो?

होन : बोओ दो का। हामबाल गेञ आटाकारेआ।

डाक्टर : पिड़िसा: दो चिलका सेसेनताना?

11. गांव में डाक्टर

(डाक्टर साहब मोटरसाइकिल से उतर रहें हैं, मरीज के घर के पास।)

घर-मालिक : जोहार, डाक्टर साहब।

डाक्टर : जोहार। कौन बीमार है?

घर-मालिक : (मरीज की चारपाई की ओर इशारा करते हुए) यह लड़का हुजूर।

डाक्टर : (बच्चे का हाथ पकड़ते हुए) इसे क्या होता है?

घर-मालिक : शरीर तपता है।

डाक्टर : और जाड़ा?

घर-मालिक : जाड़ा भी लगता है, ज्वर चढ़ते समय।

डाक्टर : कबसे ऐसा हो रहा है?

घर-मालिक : चार दिन हो रहा है।

डाक्टर : (लड़के की जांच कर रहें हैं।) देखें, मुँह खोलो। (आँखे देखते हैं।) आँखों में थकावट लगती है।

लड़का : हाँ, मुझे लगता है कि मेरा सिर घूम रहा है।

डाक्टर : बैठो। (साँस-परीक्षक यंत्र से जाँच कर रहें हैं।) लम्बी साँस लो। मुँह खोलकर हाँ उस तरह। कहाँ-कहाँ दर्द करता है?

लड़का : घुटने टखने, पीठ।

डाक्टर : और सिर?

लड़का : सिर नहीं। भारी लगता है।

डाक्टर : पाखाना कैसा जाता है?

होन : का सेसेनतान।

डाक्टर : होला निदा मानडिम जोमला: चि का?

होन : का। जोमगे का मोनेकि:ञा।

डाक्टर : तेताङ दो तेताङ मेआ चि का?

होन : तेताङिञा।

डाक्टर : मार बाटि रूआड़नमे। (पारकोम रे: दुबताना) सिदारे चाना: मेनते कापे उदुबा:ञा।

ओड़ा: किसान : आलेआ: रानु कोतेगे जा:ए बुगिओ:आ मेनते।

डाक्टर : चिमिन लेका सिमकोदोपे बोंगा केद कोआ?

ओड़ा: किसान : आउरि गे गोमके, आगोम तादाले।

डाक्टर : ने नावा रोग को सिमकोते का निरा।

ओड़ा: किसान : ओकोआते निरा एनागे उपाए:मे।

डाक्टर : नेरे रानुञ ओलजादा। निआ टेबलेट रेआ: सेता: मिआद, तिकिन मिआद, आयुब मिआद जाना: जोमनो: केआते। निआ दो सूइ रेआ: बारसिङ मिआद।

ओड़ा: किसान : ने रानुकोदो गोमके ओकोरे नामोआ।

डाक्टर : बारसिङ रेआ: दोञ बागेआपेताना। मिआद सूइओञ ओम तुकाइआ। ओड़ो: आपि मा लेका रेआ: कोकिरिङ पे टोगो:आ। ब्लोक ओड़ा: जापा: रेआ: रानु दोकान रे नामोगा।

ओड़ा: किसान : निआ: जोम नू रे जान माना एमान मेना: चि बानो:?

डाक्टर : आउरि बुगिओ: सुमुङ बासि मानडि आलोपे ओमाइआ। तेताङि रे कागाजि दा: ओमाइपे। (डाक्टर सायोब सेनोए: सम्पोडोन तानलो: गे मिआद बुड़िआ डानडा टुनडान तानलो:ए: तेबा जादा।)

बुड़िआ : देआ डाक्टरे: हिजु: आकानाको मेन जादा। आञोए: लेल नो: लिञका।

डाक्टर : चाना:म बालाएताना गा?

बुड़िआ : मेद बाबु काञ लेलबाइजादा। जान रानु मेना: रेदो ओमाञ में।

डाक्टर : देञ लेल लेमेआ सिदा। (मेदे: जाँच जा:इआ।)

लड़का : नहीं जाता है?

डाक्टर : कल तुमने खाना खाया था कि नहीं?

लड़का : नहीं। खाने का मन ही नहीं करता है।

डाक्टर : प्यास लगती है कि नहीं?

लड़का : प्यास लगती है।

डाक्टर : अब फिर से लेट जाओ (चारपाई पर बैठते हैं।) मुझे पहले क्यों नहीं बताया?

घर-मालिक : यही सोचकर कि वह हमारी ही दवाओं से ठीक हो जाएगा।

डाक्टर : (अब तक) कितने मुर्गे पूजे?

घर-मालिक : अभी नहीं हजूर, हमने मनन किया है।

डाक्टर : ये नई बीमारियां मुर्गो से नहीं भगेगी।

घर-मालिक : जिससे भी भागे वही उपाय कीजिए।

डाक्टर : यहाँ दवा लिख रहा हूँ। यह टेबलेट का सुबह एक, दोपहर को एक और शाम को एक। कुछ खाकर। यह सूइ का दो दिन में एक।

घर-मालिक : ये दवाएं कहाँ मिलेंगी?

डाक्टर : दो दिन की दवा मैं छोड़ रहा हूँ। एक सूइ भी दे जाऊँगा। और करीब तीन दिन की दवा तुम्हें खरीदनी पड़ेगी। ब्लाक घर के पास की दवा की दुकान में मिलेगी।

घर-मालिक : इसके खान-पीन में कोई परहेज है कि नहीं?

डाक्टर : जबतक यह अच्छा नहीं होता इसे बासी भात खाने को न देना। प्यास लगने पर नींबू पानी देना। (डाक्टर साहब जाने की तैयारी कर रहे थे कि एक बुढ़िया लाठी टेकते हुए पहुँचती है।

बुढ़िया : अरे कहां हैं? कहते हैं डाक्टर आया हुआ है। मुझे भी जरा देख ले।

डाक्टर : क्या कष्ट है, बुढ़िया?

बुढ़िया : आँख, ठीक से नहीं सूझता है, बेटा। कोई दवा हो तो दो।

डाक्टर : आओ, पहले जरा देख लूँ। (आँख की जांच कर रहें हैं।)

बुड़िआ : जोम सा: गे पुरा: दो काञ लेलेआ।

डाक्टर : बुगि उतारो: लेका दो राँची तेम सेनको: एनाङ।

बुड़िआ : आमिनाङ सांगिन बाबु चिलकाञ सेनो: दाड़िआ।

डाक्टर : ओड़ा: रे जेताएओ चि बाङकोआ?

बुड़िआ : बाङकोआ बाबु।

डाक्टर : हातुरे राँची रे पाड़ाओतान को चा कामितान को जोताए चि बाङकोआ?

मिआद हातुहोड़ो : पांड़ाकोआ: होन पण्डेआ कोलेज रे: पाड़ाओताना। आर मिआद नागु मेनाइनि: ओकोरे: दरवाना काना।

डाक्टर : (होड़ोको मुलि) पण्डेआए: हिजु: रे आञता: कुलताइपे। ने बुड़िआ ओपोरेसान रिका माराङ आसापाताल ते इदि लागातिङा। ..... (बुड़िआ मुलि) आमगा, मेद किङ रे छालि जामाकाना। एनाको पारचि लागातिङा। पण्डेआ राँचीते: इदि आउलेम का। रानुरा: गे हुड़िङ लेका खारचा नोगो:आ।

बुड़िआ : खारचा दो बाबु कोतागातेञ नामेआ?

मिआद दागिड़ि : इलि आकिरिङ टाकाको बुड़िआ उडुङेमे। (होड़ोको लानदाताना)

बुड़िआ : कोता: रेआ इलि टाका ना?

डाक्टर : (फाटाफाटिआरे दे: तान लो:) मार ताबु आञ दोञ सेनजादा..... नेमान हुआङ को पेरे: तापे। सिकिंड़ि कोआ: डेराबाइआकाना (एनजालो: गे मिआद होन-हातारान-एंगाए: दाउड़ि आगुजादा। मिआद सिमे: हामबुदा उजा:इआ।)

एंगा : हौंआए: तिंगुनो: को: का?

डाक्टर : नि: दो होनदेर हासुलेन होन का?

एंगा : हे गोमके बुगिजानाए:। एनारा: होनदेर दो जे ता:ओ काले ओम दाड़िआद मेआ। ..... ने सिमगे इदि जाइमे। (सिम केरोकेचोन ताना।) नेकाते मेंड़ेदेञ सामबाड़ाओआ चि सिम?

डाक्टर : ओड़ा: तेगे इदि तुकाइपे।

मिआद दांगाड़ा : दे ने चा:लोम सा:रेबु तोल ताइआ। सिमको तोल जा:इआ। सिम केओ: केओ: जादलो: डाक्टर फाटाफाटिआए: एटे:जादा।)

बुढ़िया : दाहिनी तरफ ही ज्यादा नहीं सूझती है।

डाक्टर : पूरी तरह तो राँची जाने पर ही ठीक होगा।

बुढ़िया : उतनी दूर मैं कैसे जा पाउँगी, बेटा।

डाक्टर : घर में (और) क्या कोई नहीं है?

बुढ़िया : कोई नहीं है, बेटा।

डाक्टर : गांव में राँची में पढ़ने या काम करने वाला कोई नहीं है?

एक ग्रामीण : पुजारी का लड़का पण्डेअ कालेज में पढ़ता है। और एक नगु नाम का आदमी कहीं दरवान है।

डाक्टर : (लोगों की ओर) पण्डेअ अगर आए तो उसे मेरे पास भेजना। इस बुढ़िया को अपरेशन कराने के लिए बड़ा अस्पताल ले जाना होगा। (बुढ़िया की और) सुनती हो बुढ़िया, आँखों में छल्ली जम गई है। वह साफ करना होगा। पण्डेअ तुम्हें राँची ले आए। सिर्फ दवा का खर्च पड़ेगा।

बुढ़िया : खर्च तो बाबु कहाँ से लाऊँगी।

एक युवती : इलि से मिले पैसे निकालो बुढ़िया। (लोग हंसते हैं।)

बुढ़िया : कहाँ के इलि-पैसे री?

डाक्टर : (मोटरसाइकिल पर चढ़ते हुए) अच्छा, मैं चल रहा हूँ।..... ये गड्ढे भर दीजिए। यहाँ मच्छडों का अड्डा बना हुआ है। (उसी समय एक मां बच्ची को गोद में लिए दौड़कर आती है। साथ में एक मुर्गी लिए हुए है।

माँ : रोको, (डाक्टर) जरा ठहर ले।

डाक्टर : यह बच्चा उस बार बीमार पड़ा था न?

माँ : हाँ हजर, अब तो ठीक हो गया। उसके लिए उस बार तो हम कुछ भी नहीं दे सके। यह मुर्गी साथ लेते जाइए। (मुर्गी उफड़ रहा है।)

डाक्टर : इस तरह यह मशीन संभालू यह मुर्गी? इसे घर पहुँचा आओ।

एक युवक : लाओ इसे पीछे की ओर बाँध दें। (लोग मुर्गे को बाँध रहे हैं। मुर्गे के चिल्लाने के साथ डाक्टर मोटरसाइकल स्टार्ट करते हैं।

12. हातुरे दारोगा सायोब

(सेनो:जान निदा मिआद ओड़ा: रे डाकु को बोलोकेना। एना जाँचगे दारोगा सायोबदो आपिआ सिपाइ कोलो: ते: हिजु: आकाना।)

ओडा: किसान : जोआर गोमके। दुबो:का। (पारकोम मुलि: उदुबाइताना। पारकोम आयार-तायोम हातु होड़ोको तिंगुआकाना।)

दारोगा : आछा, आछा। आमगे ओड़ा: किसान दो?

किसान : हे गोमके।

दारोगा : चिकान नुतुम?

किसान : नागो मुण्डा।

दारोगा : आपु नुतुम।

किसान : किसाड़ां मुण्डा

दारोगा : होला ओको सोमाएको हिजु:लेना?

किसान : ताला निदा जोका।

दारोगा : ओको सागाते को हिजु:लेना?

किसान : हेन सागाते। (हाटिआ मुलि: चुनडुलजादा।)

दारोगा : ओको मुलि तेको बोलोकेना?

किसान : (दुआर चुनडुल जादलो:) सोओजे ने: ने दुआर तेको हिजु: लेना।

दारोगा : चिलकातेको बोलोजाना?

किसान : मिसागेको फादाला: मादरेआ: सिलपिङ। बितार सागाते मिआद डानडा: होनते बारि तुरूबाकान ताइकेना। नि: नाबजाना।

दारोगा : बोलोजान चि?

किसान : सोओजे आञता: को दाउड़ि आउला:। आञ नांड़े: रेगेञ गिति:आकान ताइकेना।

12. गाँव में दरोगा साहब

(पिछली रात एक घर में डाकू घुस गए थे। उसी की जांच करने के लिए दरोगा साहब तीन सिपाहियों के साथ आए हुए हैं।)

घर-मालिक : जोहार साहब। बैठाजाए। (चारपाई की ओर इशारा करता है। चारपाई की चारों ओर गांव के लोग खड़े हैं।)

दरोगा : अच्छा, अच्छा। घर के मालिक आप ही हैं?

मालिक : हाँ हजूर।

दरोगा : नाम क्या है?

मालिक : नागो मुन्डा।

दरोगा : बाप का नाम?

मालिक : किसणा मुण्डा

दरोगा : कल लोग कब आए थे।

मालिक : करीब आधी रात को।

दरोगा : किधर से आए थे?

मालिक : उधर से। (गली की ओर इशारा करता है।)

दरोगा : किधर से आए थे!

मालिक : (दरवाजे की ओर इशारा करते हुए) सीधे इसी दरवाजे पर आए थे।

दरोगा : कैसे घुसे?

मालिक : उन्होने एक ही लात मारी। बांस की टटरी। अन्दर से सिर्फ एक छड़ी से अटकी हुई थी। तुरन्त खुल गई।

दरोगा : घुसने के बाद?

मालिक : वे सीधे मेरे यहां दौड़कर आए। मैं नजदीक ही सोया हुआ था।

''खबरदार! बोओः दोनदो केरेगे कापि उयुगोःआ।'' मेन जालोः हातेआर दोनदो केआते आञ जापाः रेको तिंगुनजाना।

दारोगा : हातेआर मेनेआः चिलकातेम टोओरकेदा?

किसान : मिसागे बोओञ दोनदो लाः। एनलोः गे नेरे डानडाः उयुजाना। (बोओः उदुबजालोः।) हुड़िङ लेका दो नाःओ मायोम मेनाःगेआ।

दारोगा : एन तायोमते?

किसान : एनातेदो ''सामाड़ोम ओकोरेआ, टाका ओकोरेआ।'' मेनेआः कोको कुलि जाःआ।

दारोगा : एन तायोमते?

किसान : हुड़िङ लेका टाका बानदि लातार रेञ रेबेदलाः। एना कोञ उदुबादकोआ। सामाड़ोम दो बिनगाते दोका ताइकेना। आञाः ओड़ाः होड़ो आर किमिनतानिआः होड़ोमो रे ताइकेनाः कोको रेः केद किना।

दारोगा : चिमिन लेका टाका ताइकेना?

किसान : मोंड़े साए।

दारोगा : सामाड़ोम दो?

किसान : चाँदी रेआःबाला को, मोंदरि को।

दारोगा : ओड़ोः चिकानाः कोको इदि केदा?

किसान : चिपा थाड़िको ताइकेनाः को। हुड़िङ लेका चाउलि ओड़ोः सिमको। डिंकि ओड़ाः रे टेनडेराकान साइकाल।

दारोगा : हातुहोड़ोको काको होपोरेनजाना?

किसान : काकालागे काञ दाड़िजाना। खबरदार मेनजालोः आर आञाः चेतान डानडाः उयुः जालोः सोबेन कोले लातालुतु गिड़िजाना। राचा साः रे मिसा बारसा गुलिओ को ठुललाः। इमिन रेओ आञ आर आञाः ओड़ाः होड़ो को धाकामुका जाः लिङ रे होनिञ कोड़ा हानसाः दुआरते

''खबरदार? सिर उठाओगे तो फरसा गिरेगा।'' कहते हुए वे हथियार उठाए हुए मेरे पास खड़े हो गए

दरोगा : हथियार है यह आपको कैसे पता चला।

मालिक : मैंने एक ही बार सिर उठाया था। उसी समय यहाँ लाठी गिरी। (सिर छुते हुए) थोड़ा सा खून तो अब भी हैं।

दरोगा : इसके बाद?

मालिक : इसके बाद तो ''सोना कहाँ है, रूपया कहाँ है'' यही पूछने लगे।

दरोगा : इसके बाद?

मालिक : कुछ रूपए मैंने मोरी के नीचे दबाकर रखे थे। वह सब बता दिया। सोना-गहना अलग से नहीं थी मेरी घरवाली और पतोहू के शरीर के सारे गहने लूट लिए।

दरोगा : करीब कितने रूपए थे?

मालिक : पाँच सौ।

दरोगा : सोना-गहना।

मालिक : चाँदी के कंगन और कर्णफूल।

दरोगा : और क्या क्या ले गए?

मालिक : जितने बर्तन थे। कुछ चावल और मुर्गे-मुर्गी। ढेंकीवाले घर में रखी साइकिल।

दरोगा : घर में रूपया है इसका पता उन्हें कैसे लगा?

मालिक : पिछले बाजार में हमने एक बैल बेचा था। शायद बेचते समय देखा था।

दरोगा : गांव के लोग पास नहीं आए?

मालिक : मैं हल्ला नहीं कर सका। ''खबरदार'' कहते ही और मेरे सिरपर लाठी गिरते ही हम सबके होश गुम हो गए। आँगन की ओर एक दो बार उन्होंने गोली भी दागी थी। तब भी मुझे और मेरी पत्नी को धक्का-मुक्का देते समय मेरा लड़का उधर के दरवाजे से

निरजाना आर हातु होड़ोकोए: रा: बिरिद केदकोआ। हातु होड़ोकोओ गुलि साड़ितेको बोरोकेदा आर डाकुको सेनो:जना तायोमते एनाङ को होपोरकेना।

दारोगा : ओकोसा: तेको सेनो:जाना?

किसान : हिजु: लेनमुलितेगे।

दारोगा : हेन मुलितेगे मेनेआ: चिलकातेम टोओरकेदा?

किसान : होरा-होरा आताको, चाउलिको नुर इदिआकान ताइकेना। सिमो एन होरा गेको तुद इदिकि:आ।

दारोगा : चिमिन होड़ोलेका को ताइकेना?

किसान : लेलदो काञ लेललेदकोआ। कोबोगाकादेञ ताइकेना। इमिन रेओ गेल होड़ोआतेदो कोम काको ताइकेना।

दारोगा : लेललेकोरेम चिना कोआ?

किसान : लेलगे काञ लेलटो: लेदकोआ। चिलकातेञ चिनाकोआ?

दारोगा : किचिरिकोते दो?

किसान : एनाकोओ बेएसे लेकादो काञ लेलला:।

दारोगा : आमा: ओड़ा: होड़ो आर किमिनमे जा:?

किसान : आकोदो मेदरे दांगा-दांगातानको बाति केदकोआ।

दारोगा : आको रा:कोम।

(नागोआ: ओड़ा: होड़ो उलिडी आर किमिनते लोआहातु किन होपोरेनताना।)

आतेगा सामाड़ोम कोको ओचो: जादाबेनरे बेन लेल टो: लेद कोआ चि?

उलिडी : का कालिङ लेलटो: लेदकोआ। मेदरेगेको पेंगेदताद लिङा। एन मुलि आरिद कालिङ आरिद दाड़िजाना।

दारोगा : (लोआहातु मुलि) आबेन दोगा?

लोआहातु : आलिडने कालिं दाड़िआदकोआ।

दारोगा : नेकारे चिलकाते कुमबुड़ोको साबो:आ।

किसान : सोंजोकोजा: साइकल नाम रूआड़ाजान रे।

भाग निकला और उसने गाँव के लोगों को जगाया। गाँव वाले भी गोली की आवाज सुनकर डर गए और डाकुओं के चले जाने के बाद ही वे पास आए।

दरोगा : वे किधर चले गए।

मालिक : जिधर से आए थे।

दरोगा : उधर ही गए इसका पता आपको कैसे चला!

मालिक : सारे रास्ते में मूड़ी, चावल इत्यादि गिरा हुआ था। मुर्गे के पंख भी उसी रास्ते उखाड़ते चले गए।

दरोगा : करीब कितने लोग थे?

मालिक : मैंने देखा तो नहीं था। मैं सिर झूकाए हुए था। तब भी दस से कम तो नहीं थे।

दरोगा : देखने पर पहचान पाएगा?

मालिक : मैंने देखा ही नहीं था। कैसे पहचानूँगा?

दरोगा : कपड़ों से?

मालिक : वह भी मैंने ठीक से नहीं देखा था।

दरोगा : शायद आपकी घरवाली और पतोहू पहचान जाए?

मालिक : उनकी आँखों को तो बत्ती से चौंधिया दिया।

दरोगा : उन्हें बुलाइए।

(नगो की पत्नी उलिडी और पतोहू लोअहतु पास आती हैं।)

क्या आपने उनको सोना-गहना छीनते समय देखा था?

उलिडी : नहीं, मैं नहीं देख पाई। मेरी आँखों को चौंधिया दिया था।

दरोगा : (लोअहतु की ओर) और आपने?

लोआहतु : मैं भी नहीं देख पाई?

दरोगा : इस तरह से चोर कैसे पकड़े जाएंगे?

मालिक : संयोग से अगर साइकिल मिल जाए तो।

दारोगा : एना सिदालेकागे नाम रूआड़ाको: रेचि? पाट-पुरजा को काको बादालाएआ?

किसान : हे जा सोंजोको?

दारोगा : साइकल नम्बर मेना:, रासीद मेना:?

किसान : हे जा: आलोञ दांड़ांलेआ। (दांड़ां आउजादाए:।) ने:गोमके।

दारोगा : नेआ कागज आले इदीआ। दोला ना: दो ओड़ा: मिसाबु लेललेआ। कोते-कोतेको बोलोकेना मेनेआ: को। (ओड़ा: भीतार को लेल बाड़ाकेद चिको उड्डुङ रूआड़ाताना।)

ना: दो नेरेआ कामि होबाजाना। आपेआ: साना-पाना कोले ओतोङ नामकेरेदोले रा: कुलपेआ। नेरेन मुण्डा दो ओकोए? (हातु मुण्डा होपोरेनताना।)

मिआद होड़ो : नि: दो नेरे गे: तिंगुआकाना।

दारोगा : (मुण्डा मुलि) हातुरे जेतान पाहरा बानो:?

मुण्डा : ने सोमाए दो गोमके कामि कोरे ले पासेआकाना। डिलाओ नो: आकाना।

दारोगा : कामि चिमताङ बानो:। हातु दांगाड़ा को हातु लेल लागातिङा। गोटा थाना रे गेलेआ सिपाइ को आर पंवाइटि मिआद चाउकीदार। सोबेन ता: दो अले काले तेबा: दाड़िआ। हातु होड़ोको कापे जारूडुन रेदो हातु ओकोए होरोआपेआ? डानडा:-सोटा इनुतानलो: चा सुसुन-दुराङ तानलो: हुड़िङ खोन जानाओ एओनाकानगे ताइन लागातिङा। नेआकामि रे आम जरूडुन लागातिङा। आम हातु रेना गोमके तान में।

मुण्डा : चिकाएआञ गोमके। ने सोमाए दांगाड़ा खालि तास आर जुआ को इनुङताना। आर कि को धानदा ताना। कोता: रेआ: डानडा-सोटा।

दारोगा : तास जुआ? ओकोएताको इनुङताना? इनकुआ: नुतुम ओलकेआते ओमाञ मे। इनकुगे सिदा कुलि होबाओआ। तास जुआ, इलि-आर्कि नेआको हातुते

दरोगा : वह पहले की ही तरह मिले तब न? इसके पार्ट-पुर्जे नहीं बदलेंगे?

मालिक : हाँ अगर संयोग से!

दरोगा : साइकिल का नम्बर है? रसीद है?

मालिक : शायद हाँ, ठहरिए मैं खोज लाता हूँ। (खोजकर लाता है।) यह है हजूर।

दरोगा : यह कागज हम ले जाएंगे।..... चलिए, अब एक बार घर देख लेते हैं। लोग कहाँ-कहाँ घुसे थे इत्यादि देख लेते हैं : (घर के अन्दर इधर-उधर देखने के बात फिर निकलते हैं।) अब यहाँ का काम हो गया। आप लोगों के सामानों का पता लगने पर हम आपको बुलाएगे, इस गांव का मुखिया कौन है?
(गांव का मुखिया पास आता है।)

एक आदमी : ये तो यही खड़े हैं।

दरोगा : (मुखिया की ओर) क्या गाँव में कोई पहरा नहीं है?

मुखिया : हजूर, इस समय तो हम काम में फंसे हैं। थोड़ा सा ढीला पड़ गया है।

दरोगा : काम कब नहीं है? गाँव के छोकड़ों को गांव का पहरा करना चाहिए। सारे थाने में दस सिपाही और पंचायत में एक चौकीदार। हम सब जगह नहीं पहुँच सकते। आप गांव वाले जबतक इसकी चिंता नहीं करेंगे आपके गाँव की रक्षा कौन करेगा? लाठी-कुश्ती सीखते हुए या नृत्य-गीत सीखते हुए कुछ देरतक रोज जगे रहना चाहिए। इस काम में आपको लगना चाहिए। आप गांव के मालिक हैं।

मुखिया : मैं क्या करूँ हजूर? छोकड़े इस समय तास और जुआ खेलते हैं। शराब पीते हैं। कहाँ की लाठी-कुश्ती?

दरोगा : तास-जुआ? कौन खेलते हैं? उनका नाम लिखकर मुझे दीजिए। उन्हें ही पहले पूछना होगा। तास-जुआ शराब खोरी, यह सब

कुमबुडु को बोलो होराको। नेआको होका लागातिङा।.....

मुण्डा : (होड़ोको मुलि) चिआपे आयुमजादा। तिसिंआते ओकोए ने तास इनुङतान चा आरकि नू तानेञ लेलपेआ, नुतुमेञ ओल कुलेआ।

दारोगा : आछा, आले सेनजादा। जोआर (सेनो: तानको)

हातु होड़ोको : जोआर।

गाँव में चोरों-बदमाशों के धुसने के रास्ते हैं। यह सब बंद करना होगा।

मुखिया : (लोगों की ओर) क्यों जी, सुनते हो? आज से जिसे भी तास खेलते हुए या दारू पीते देखूँगा, उसका नाम लिखकर भेजूँगा।

दरोगा : अच्छा हम चलते हैं। जोहार। (चलते हैं।)

ग्रामीण : जोहार।

13. हातुरे बी.डी.ओ. सायोब

(सोमाए उयुदा:। बी.डी.ओ. सायोब गाड़िआते हाड़ागुनतान लो: गे मुखियाए: सेन तेबा: जा:इआ।)

बी.डी.ओ. : जोआर मुखिया जी, बुगिगेचि?

मुखिया : हे गोमके जां लेका सेसेनताना।

बी.डी.ओ. : जाँ लेका? चिलकाते?

मुखिया : हेने: इस्कुल ओड़ा: जोरोताना।

बी.डी.ओ. : चाना: मेनते?

मुखिया : सोमाए रे टाका का नामजाना: ते। ओड़ा: दो जाँ लेकाले दाब केदा। डाड़ि दो का टेकाओ: गेआ।

बी.डी.ओ. : नेआ दो का ठीकिजाना।

मुखिया : आले गेले चिकाएआ? ओड़ा: रे टाका मेना: रे चा...?

बी.डी.ओ. : आछा, डाड़ि जापा: जापा: ते आड़ितोप। दा: आलोका बोलो। हिजु: सिरमा बु लेलेआ।

मुखिया : हिजु: सिरमा? नेआ रेआ: टाका दो ओकोए पेरेगेआ?

बी.डी.ओ. : एनाको आलोम उड्डुगा। सोबेन बाइओ:आ।..... अछा, बानदा रे दो दा: ठीकि गेआ दाङ?

मुखिया : ने दिन दो ठीकि गेआ। पेरे: गिड़िआकाना। चोकेकोओ खूब को सांगिआकाना।

बी.डी.ओ. : दा: पाटाओ रेआ कामि रे हिजु: ताना दाङ?

मुखिया : ने दिन ओकोए दा: पाटाओएआ गोमके? जेटे सिंगि दा: ताइन रेचा जाना: कोरे ओले रोआएआ आर ले पाटाओएआ?

13. गाँव में बी.डी.ओ. साहब

(प्रथम वर्षा का समय। बी.डी.ओ. साहब गाड़ी से उतरते ही मुखिया जी उनके पास आते हैं।)

बी.डी.ओ. : जोहार मुखिया जी, अच्छे तो हैं?

मुखिया : हाँ साहब, किसी तरह चल रहा है।

बी.डी.ओ. : किसी तरह? क्यों?

मुखिया : वह देखिए, स्कूल घर चू रहा है। कूंआ भी धस रहा है।

बी.डी.ओ. : क्यों?

मुखिया : समय पर रूपया नहीं मिलने के कारण। घर तो हमने किसी तरह बना दिया। कूँआ तो नहीं टिकेगा।

बी.डी.ओ. : यह तो ठीक नहीं हुआ।

मुखिया : हम ही क्या करेंगे। घर में रूपए हों तब न....?

बी.डी.ओ. : अच्छा, कूएं की चारों ओर आड़ लगा दीजिए। पानी न घुसने पाए। आगामी वर्ष देखेंगे।

मुखिया : आगामी वर्ष? इसके रूपए कौन भरेगा?

बी.डी.ओ. : उसकी चिन्ता आप न कीजिए। सब ठीक हो जाएगा। ..... अच्छा, तालाब में पानी ठीक ही है न?

मुखिया : आज कल तो ठीक ही है। बिल्कुल भरा हुआ है। मेंढक भी खूब हैं।

बी.डी.ओ. : पानी पटाने के काम में आता है न?

मुखिया : आज कल कौन पटाता है, हजूर? गर्मियों में पानी रहे तब न हम कोई चीज रोपते और पटाते?

बी.डी.ओ. : जेटे सिंगि दो तोबे एनरे दा: का ताइनताना?

मुखिया : का चा! बानदा आड़ि दो पिड़िसा: तानरे दानाडेन कामिरे बारि हिजु:ताना।

बी.डी.ओ. : आछा एटागा: रे कारे एना कामि रेओदो हिजु: ताना।

मुखिया : ने सोमाए लाइ: पेरेगो होरा दाङ ले नामताना गोमके। पिड़िसा: इमताङ दानाडेनतेआ: को दो तायोमते रेओ....।

बी.डी.ओ. : इमिन रेओ बाबा को दो ठीकि गे लेलो:ताना।

मुखिया : नेआकोदो गोमके गुरि:सारा ओमाकान बाबा को। चालानी सारा ओमाकाना: को दो हेने: एना को।

बी.डी.ओ. : एनाको चिलकाते पेनडे-पेनडे गे लेलो:ताना?

मुखिया : सारा ठीकि लेका चिलका ओमलागातिङा मेनेआ काले बुजाओ बाइजाना जा:। माओ एना सारा ले ओमला:। ने कालोम दो ओते सी चाटा: तान रे दिरि लेका केटे: ताइकेना।

बी.डी.ओ. : आपेआ नायाल का गाओताना रेदो ट्राक्टरते सी पे।

मुखिया : कोता: रेआ: ट्राक्टर गोमके?

बी.डी.ओ. : बोलोक ते मिआद हिजुगाकाना। ने सोमाए दो राजा कोआए: कामिताना। आकोआ: होबाजाना लो:गे आपेता: ले कुलेआ।

मुखिया : सिदा दो होनाङ आलेता: दाङ हिजु: लागातिङा?

बी.डी.ओ. : इनि: माराङ होड़ो एना मेनते इनिआ: कामि सिदा होबा लागातिङा।

मुखिया : मेनदो नेआ दो.....।

बी.डी.ओ. : एना को सोबेन ठीकिओ: आ।

मुखिया : चिलकाते ठीकिओगा? नेआ कोरेआ: हिसाब-किताब आञा: बोओ: रेगे उयुगो:ताना।

बी.डी.ओ. : गापा इंजीनियारेञ कुलिआ। टुनडु नापि मेनते।

बी.डी.ओ. : तो गर्मियों में पानी नहीं रहता?

मुखिया : बिल्कुल नहीं। बांध की मेड़ सिर्फ पाखाना फिरते समय आड़ के काम में आती हैं।

बी.डी.ओ. : अच्छा, दूसरे काम में नहीं तो कम से कम उस काम तो आता है।

मुखिया : हमें तो इस समय पेट भरने का उपाय चाहिए, पाखाने के समय आड़ का उपाय पीछे भी किया जा सकता है।

बी.डी.ओ. : फिर भी धान तो ठीक ही लग रहा है।

मुखिया : यह तो गोबर की खाद वाला धान है। चालानी खाद वाला धान तो वह है।

बी.डी.ओ. : वह सब क्यों पीला-पीला दिखाई दे रहा है?

मुखिया : शायद हम यह नहीं समझ पाए कि खाद ठीक से कैसे देनी चाहिए। पिछले साल भी हमने वही खाद दिया था। इस वर्ष पहली बार हल चलाते समय जमीन पत्थर की तरह कड़ी थी।

बी.डी.ओ. : यदि इसमें आपका हल नहीं चलता है तो ट्रेक्टर से जोत लिए।

मुखिया : कहां का ट्रेक्टर, हजूर?

बी.डी.ओ. : एक (ट्रेक्टर) ब्लाक में आया हुआ है। अभी तो वह राज परिवार का काम कर रहा है। उनका काम होने के बाद हम उसे आपके पास भेजेंगे।

मुखिया : पहले तो हमारे पास न आना चाहिए!

बी.डी.ओ. : वे बड़े आदमी हैं इस लिए उनका काम पहले होना चाहिए।

मुखिया : लेकिन यह सब.....?

बी.डी.ओ. : यह सब ठीक हो जाएगा।

मुखिया : कैसे ठीक होगा? इसका हिसाब-किताब मेरे ही सिर पर गिर रहा है!

बी.डी.ओ. : मैं कल इंजीनियर साहब को भेजूँगा। अंतिम माप के लिए।

हुड़िङ लेका ओम नोगाइपे, सोबेने: बाईआ।

मुखिया : कागजरे सुमुङ बाइलेरे चि कामि चालाओगा?

बी.डी.ओ. : ने सोमाए कागज रेआ: कामि गे सिदाबु रिका लेआ।
मारेञ सेनजादा तोबे हेइ।
जोहार। (गाड़ी चालाओ एटेगो:ताना।)

कुछ दे दीजिए। सब ठीक कर देंगे।

मुखिया : सिर्फ कागज में बनाने से बनेगा क्या?

बी.डी.ओ. : इस समय हम कागज वाला काम ही पहले कर लेते हैं।.....
अच्छा तो मैं चल रहा हूँ। जोहार।

(गाड़ी चलना शुरू करती है।)

14. हातुरे कामिसनार सायोब

(हातु सिमान तेबा: जानचि कामिसनार सायोब गाड़ीआते: हाड़ागुनताना। चालाओनि: बारि आए: लो: मेना:इआ। गाड़ी तिंगुजान लो: गे हातु रेन होनको एन मुलि को दाउड़ि आगुजादा।)

कामिसनार : (मिआद होन मुलि) आते बाबु बिंजिराए मांड़ाकिआ ओड़ा: ओकोआ?

होन : (चुनडुलाइ तान लो:) हेने एना।

कामिसनार : एन सालांगिनो: गे लेलो: ताना?

होन : का गोमके, एनादो सुकु साउआ: ओड़ा:। एनाते नेसा: रेआ: दाङ।

कामिसनार : आछा मार। (एन मुलि: सेनो: ताना। होरा लोसोद गेआ एनलो: दो बिंजिराए मांड़ाकिओ मोटोर आयुम केदचि ओड़ागाते: उडुङ लेना। आए: मुलिगे: हिजु: ताना।

बिंजिराए : जोआर गोमके। बुगिगे चि।

कामिसनार : हे बुगिगे। आपे दो।

बिंजिराए : आलेदोम लेल जाद गेआ। ने: नेका होरा को लोसोद गेआ।

कामिसनार : हे ने दिन दो ड़ो:गामा दिन। लोसोद को दो ताइन गेआ।

बिंजिराए : चिलका-चिलकाते तोबे एसेकार गेबेन तेबा: तादा। जेतान काजिओ काबेन कुल सिदा केदा? माराङ गिउ: रेले टोगो:ताना।

कामिसनार : जेतान गिउ रेआ: काजि बानो: आञ लेल कुमबुडु नो: लेका गेञ हिजुगाकाना।

14. गाँव में कमिश्नर साहब

(गाँव की सीमा पहुँचने पर कमिश्नर साहब गाड़ी से उतरते हैं। उनके साथ सिर्फ चालक हैं। गाड़ी खड़ी होते ही गाँव के बच्चे उधर दौड़कर आते हैं।)

कमिश्नर : (एक बच्चे की ओर) बच्चे बिंजिराय मानकी का घर कौन सा है?

बच्चा : (इशारा करते हुए) वह वहां।

कमिश्नर : वह जो जरा ऊँचा दिखाई देता है?

बच्चा : नहीं हजूर, वह तो सुखू साहू का घर है। उससे इधर का।

कमिश्नर : अच्छा ठीक है। (उधर ही जाते हैं। रास्ता कीचड़ से भरा है। तबतक बिंजिराय मानकी भी मोटर की आवाज सुनकर घर से निकले। उधर ही आ रहे हैं।)

बिंजिराय : जोहार साहब! अच्छे तो हैं?

कमिश्नर : हाँ ठीक हैं। और आपलोग?

बिंजिराय : हम तो आप देख ही रहे हैं। हमारे रास्ते इस तरह कीचड़ से भरे हैं।

कमिश्नर : हाँ, आजकल तो पानी बरसने का समय है। कीचड़ तो रहेगा ही।

बिंजिराय : कैसे-कैसे अकेले आना हुआ? कोई बात भी आपने पहले नहीं भिजवाई। हम बड़ी शर्मनाक स्थिति में पड़ रहे हैं।

कमिश्नर : शर्म की कोई बात नहीं है। मैं यों ही छिपकर देखने के लिए ही आया हुआ हूँ।

बिंजिराए : दोलाङ तोबे एन पांचाइटि ओड़ा: सा: तेगे। एनसा: रेगे मिआद बारिआ होड़ोको नामो:आ।

कामिसनार : हे मार दो। आञ दो नेका कामिको लेलबाड़ालेका गेञ हिजुगाकाना। आर एन बानाते आपेलो: लेपेलो गे ड़ो:। आयार तायोम सिपाइ को आर एटा: होड़ोकोरेआ: ते जापागारो का इतूआ: तेगेञ हिजु: हापेआकाना।

बिंजिराए : कामिकोदो बेन लेल जाद गेआ। दा: तायोम नो: ते: गामाकेदा: ते गोड़ाचि आड़ि मेने लेकाले बाइजाना।

कामिसनार : आपे नेसा: सोनोङ दो होबाजाना चि आउरि!

बिंजिराए : होबाओ: ताना। होड़ोको बोतोङो ताना।

कामिसनार : चाना: मेनते?

बिंजिराए : खुटकाटि सेनो: ताना मेनते कोता:कोता: बिरजापा: ओतेको बिहार सरकार को ओलजादा।

कामिसनार : सिदारेआ: कागज को का लेलकेआते चिलकाते आओंगे बिहार सरकार को ओलेआ।

बिंजिराए : कोता: रेआ: कागज। आलेआ: होड़ो को कागज पातार जोगाओ काको इतुआना। निंदिर दो चानि: दोको जोमकेदा। तारामारा कोता: मेना: बाड़ा:। मेनदो इनकु पाड़ाओ काको इतुआना।

कामिसनार : नाकाल दो उड़ुङ दाड़िओआ दाङ। राँची सेनो: जान रेगे होबाजाना।

बिंजिराए : सोङ एटे: जानाते कागाज दांड़ां रे कोतागाते बाइओ:आ। राँची रे कामिओ सेकेड़ा दो का बाइताबो:आ।

कामिसनार : मोद बार आटाउरि दो सोमाए आसिलेरे नामो: लागातिङा।

बिंजिराए : कागज मेना: तेओ ओकोए-ओकोए दोको होसोड़ो जादलेआ। टाका पोटोए: मेनते मोटाइते बिहार सरकार को ओलजादा। बाइरूआड़ा ताम मेन जालो: हुड़िङ लेका टाका ओमनोगा कोरे एनाङ को बाइ रुआड़ाजादा।

कामिसनार : आमिन कापे रिपोट जा:इआ?

बिंजिराय : तो चलें पंचायत घर की ओर। उधर ही एक दो लोग मिलेंगे।

कमिश्नर : अच्छा, चलिए। मैं तो यों ही काम-काज देखने आया हुआ हूँ। और उसके बहाने आप लोगों से मिलने भी। आगे पीछे सिपहियों और दूसरे लोगों के कारण बात भी ठीक से नहीं हो पाती इसी लिए मैं चुपचाप चला आया हुआ हूँ।

बिंजिराय : काम तो आप देख ही रहे हैं। पानी जरा पीछे पड़ने के कारण ''टाड़जोतें या खेत'' की स्थिति हो गई है।

कमिश्नर : इधर आपकी और सर्वेक्षण हुआ या नहीं?

बिंजिराय : हो रहा है। लोग भयभीत हैं।

कमिश्नर : क्यों?

बिंजिराय : यह सोचकर कि खुटकट्टी चली जा रही है। कहीं-कहीं (सरकार के लोग) जंगल के किनारे की जमीन बिहार सरकार के नाम से लिख रहे हैं।

कमिश्नर : पहले के कागजों को बिना देखे यों ही कैसे बिहार सरकार लिखेंगे?

बिंजिराय : कहाँ का कागज? हमारे लोग कागज-पत्र रखना नहीं जानते। दीमक इत्यादि चर गए। कुछ के पास हैं लेकिन वे पढ़ना नहीं जानते।

कमिश्नर : नकल तो निकाली ही जा सकती है। राँची जाने से ही काम बनेगा।

बिंजिराय : नाप शुरू होने के बाद खोजने पर कहां से काम बनेगा? राँची के काम भी जल्दी होता नहीं।

कमिश्नर : एक दो हफ्ते का समय माँगने पर तो मिलना चाहिए।

बिंजिराय : कागज रहने पर भी हम में से कुछ को लोग ठग रहे हैं। रूपए नोचने के लिए जबरदस्ती बिहार सरकार लिख रहे हैं ''फिर से बना दीजिए'' कहते हुए कुछ रूपए दे देने पर ही बनाते हैं।

कमिश्नर : अमीन की शिकायत नहीं करते?

बिंजिराए : चेतान रेनकोओ एनकागे गोमके। सोबेन कोको मिदाकाना।

कामिसनार : आमिन कोरे नेता: कोरेन को चिमिन लेका मेना: कोआ।

बिंजिराए : जेताएओ बाङकोआ।

कामिसनार : आच्छाञ लेलआ नेआको।

(एनजालो: दो पांचाइटि ओड़ा: तेबा: जाना। सिदातेगे तारा लेका होड़ोको एनरे मेना: कोआ)।

कामिसनार : जोआर हागाको।

होड़ोको : (तिंगुन ताना को) जोआर गोमके।

बिंजिराए : दुबपे ताबु (दुब ताना को) हागाको, निकिन दो छोटानागपुर रेन कामिसनार किङ हिजुगाकाना। (कामिसनार मुलि) आचाकागेकिङ हिजुगाकान लेकाते जेतान माइन–जाइनो काबु दाड़िताना। बाड़ा गिउ: रेबु टोगो:ताना।

कामिसनार : एनाकोते आलोपे हुड़िङ जीओ:आ। आञ दो हातुदिसुम लेल लेकागेञ उड़ुङाकाना। आर एना बानाते आपेलो: मिआद बारिआ जागारो। मिआद जागार दो नेआगे चि होलाघ होलागे आबुआ होड़ोको बुगिनो: नांगेन कामिबादाला गोहोम नामो: रेआ: काजि एटेगाकाना। एना प्रोग्रामाते सांगि कामि जोगाओ:आ। ओतेहासा रेआ: कामि नांगेन हाजिरी पारतेद आपि किलो गोहोम आर मिदटाका नामोआ।

मिआद होड़ो : तोबे दो आले लेका इपाए: रे दुबाकान को कामिले नामेआ का?

कामिसनार : हे, आर एना होराते सांगिरेआ: मिआद बारिआ कामिओ बाइओ:आ। चिलकाचि होरा को, बांदा को, डाड़ि को।

एटा: होड़ो : ने जारगि रे चि गोमके होरा को, बांदा को, डाड़िको उरोगा।

कामिसनार : कामि दो जारगि चाबा केदलो:गे एटेगो:आ।

एटा: होड़ो : ने जारगि रेओ: होनाङ आसुलेन तेआ: जाना: सेंड़ा नामो: रे।

बिंजिराए : सरकार गे सोबेन सोमाए आसुलिञ का मेन लेरेदो बाइओ:गा

बिंजिराय : हजूर ऊपर के लोग भी वैसे ही हैं। सारे लोग मिले हुए हैं।

कमिश्नर : अमीनों में इस आस पास के कितने हैं?

बिंजिराय : कोई नहीं है।

कमिश्नर : अच्छा, मैं यह सब देखूँगा।

(तब तक पंचायत घर आता है कुछ लोग पहले से ही हैं।)

कमिश्नर : जोहार भाइयो।

लोग : (खड़े होते हैं।) जोहार हजूर।

बिंजिराय : बैठिए। (लोग बैठते हैं।) भाइयों ये तो हमारे छोटानागपुर के कमिश्नर साहब हैं। कहें कि ये हमारे राजा ही हैं। दुख-सुख देखने ही आए हुए हैं। (कमिश्नर की ओर) अचानक ही आए हुए हैं इसलिए हम उनका स्वागत सत्कार भी नहीं कर पा रहे हैं। बड़ी लज्जानक स्थिति में पड़ रहे हैं।

कमिश्नर : उससे आप मन छोटा न करें। मैं तो गाँव देखने के लिए ही निकला हूँ, और उसके बहाने आप लोगों से एक दो बात करने भी। एक बात तो यह है कि हाल ही में हमारे लोगों की भलाई के लिए ''काम के बदले अनाज'' की बात शुरू हुई है। इस कार्यक्रम में सबका काम बनेगा। मिट्टी के काम के लिए प्रति हाजिरी तीन किलो गेहूँ और एक रूपया मिलेगा।

एक आदमी : तो हमारे जैसे बेकार बैठे हुए लोगों को काम मिलेगा न?

कमिश्नर : हाँ, और उसके द्वारा एक दो सामूहिक काम भी बनेगा। जैसे, रास्ते, तालाब, कूआ इत्यादि।

दूसरा आदमी : हजूर क्या बरसात में रास्ता, तलाब, कुएँ खोदे जाएगे?

कमिश्नर : काम तो बरसात खत्म होने के बाद शुरू होगा।

दूसरा आदमी : इस बरसात में भी समय भरण-पोषण का कोई रास्ता निकलता।

बिंजिराय : ''सब समय सरकार ही मेरी देखभाल करें'' कहने से कैसे

चि?

कामिसनार : इमताङ हामि: जाँ लेकाते चालाओन पे। एनाते दो कामि सांगिओ:आ।

बिंजिराए : एन कामि कोरेआ: जिमादो होनाङ आलेगे ओमालेरे। चिमिन लेका बांदा दो आले बेगार काजि कुलितेगे उरजाना। जेताना: का साबुजु जाना। एनकोरे जारगि बारि चोके को ताइनतान। जेटे सिंगिओ दा: ताइन लेकान बांदा-डाड़ि को उरतारे चि जाना: कोरेओले रोआलेका: ?

कामिसनार : आछा निसुकान एनकागेबु रिकाएआ। (एनलो: गे मिआद होनान एंगाए: तेवा: जादा।)

होनान एंगा : गोमके आञा: किसान सरकारा: कामितान लो: गे बंगाइजान। इनिआ: खाजाना टाका का गे नामो:ताना।

सिंगराए : प्रोमिटेनट फण्ड रेआ:ए काजि ताना गोमके। आएआ: किसान बिर डिपार्टमेंट रे गाड़े: ताइकेना। मा: गोए: कि: आको।

कामिसनार : ओह। चिमिन दिन होबाजाना?

होनान एंगा : मोंड़े सिरमा।

कामिसनार : टाका ना: जाकेद का नामाकाना? चिलकाते का नामो: ताना।

होनान एंगा : कागज पटना रे टेकादाकाना को मेतालेआ।

कामिसनार : अच्छाञ लेलआ। चिकान नुतुम? (ओलजादाए:) ओड़ो: दो सोबेन ठीकिगेदङ? .....इस्कुल चिलका सेसेन ताना?

बिंजिराए : चालाओताना जाँ लेका?

कामिसनार : जाँ लेका? चिलका जाँ लेका?

बिंजिराए : होनको काको जामा बाइताना।

कामिसनार : आपेगे कापे कुलकोरे चिलकाते को जामाओआ? पाड़ाओरेआ: जो दो साटकेन उरि: गुपि लेका दो का लेल नामोगा। तांगि ले एनाङ। एन तायोमते एनाङ नेआरेआ: जो मुण्डिओ:आ। सोबेन गे सिउ: तेबु आसुलेन मेनलेरे काबु आसुलेना मेनलेरे काबु आसुलो:आ। एटा: कामि कोओ साब लागातिङा।

काम चलेगा?

कमिश्नर : तबतक किसी तरह काम चलाइए। इसके बाद तो काम बढ़ेगा।

बिंजिराय : उन कामों का भार हमें ही मिलता तो अच्छा होता। कितने तालाब कुएँ बिना हमें पूछे ही खोदे गए। उनसे कुछ भी काम नहीं बना। उसमें सिर्फ बरसात में मेंढक रहा करते हैं। गर्मियों में भी पानी रहने लायक कूएँ तालाब खोदे जाते तो हम कुछ रोपते-पैदा करते।

कमिश्नर : अच्छा हम इस बार वैसा ही करेंगे। (तभी बच्चा लिए एक औरत पहुँचती है।)

औरत : हजूर मेरा पति सरकार का काम करते समय मारा गया। उसका ''खजाने का पैसा'' नहीं मिल रहा है।

सिंगिराव : प्रोमिडेण्ट फण्ड की रकम की बात कर रही है। हजूर उसका पति वनविभाग में रक्षक था। लोगों ने उसकी हत्या कर दी।

कमिश्नर : ओह! कितने दिन हुए?

औरत : पाँच वर्ष।

कमिश्नर : रूपया अब तक नहीं मिल रहा है? कैसे नहीं मिल रहा है?

औरत : लोग कहते हैं कि कागज पटने में अटका हुआ है।

कमिश्नर : अच्छा मैं देखूँगा। क्या नाम है? (लिखते हैं।) और तो सब ठीक है न? .....विद्यालय कैसा चल रहा है?

बिंजिराय : चल रहा है, किसी तरह।

कमिश्नर : किसी तरह? क्यों किसी तरह?

बिंजिराय : बच्चे ठीक से जमा नहीं होते।

कमिश्नर : आप ही लोग नहीं भेजेंगे तो जमा कैसे होंगे? पढ़ने का फल बैल चराने की तरह तुरंत तो नहीं मिलेगा। प्रतीक्षा करना होगा। इसके बाद ही उसका फल मिलेगा। हम सभी सिर्फ हल चलाकर जीवन यापन कर सकें यह संभव नहीं है। हमें

कारखाना कोरे, किरिङ आकिरिङरे। एनाकोरेआः होरा दो पाड़ाओ गे। निमिनाङ दो होनाङ बुजाओः रे। ..... तिसिङ दो ताबु निमिनाङ गे। मार नाः दोञ सेनेआ।

बिंजिराए : गोमके दाः रेओ नू नोः लेम।

(दाः को ओमाइताना)

कामिसनार : हे मार दे। (नू जादाएः) मार जोआर। (सेनोः तानाएः)

होड़ोको : जोआर (गाड़ी हामिः को इदि तुकाइताना।)

दूसरे काम भी पकड़ने चाहिए। कारखानों में व्यापार में। उच सबका रास्ता तो पढ़ना ही है। कम से कम इतना तो आप समझते। .... तो, आज तो इतना ही। अब मैं चलूँगा।

बिंजिराय : हजूर कम से कम पानी पीकर जाइए।

(पानी देते हैं।)

कमिश्नर : अच्छा लाइए। (पीते हैं।) अच्छा जोहार। (चलते हैं।)

लोग : जोहार। (लोग उन्हें गाड़ी तक पहुँचा आते हैं।)

15. कुलाए कोआ: बालाए

''मिसा मिआद बिर रेन कुलाए को मिआद माराङ दुनुब को रा: केदा। दुनुब रा: रेआ: मातालाब चि चिलकाते आबु कुला कोआ: मोचाआतेबु बानचाओ दाड़िना। जानाओ कुलाको कुलाए को ताइन सा: बिरते को हिजु: इदि तानगेको ताइकेना आ'र माणि-माणिते कुलाए कोको जोम चाबाजादको ताइकेना। ने लेकाते सारेगाकान कुलाए कोआ: जीरे निमिनाङ हामि: बोरो बोलो जाना चि आको बानचाओन तेआ: होरा नानाम को ठानाओ केदा। तारा को मेन केदा चि आबु ने बिराआतेगे बु निर उतारा। मेनदो नेआओ को आटाकार केदा चि आको बिर रेआ: एन कोचा रे सोबेन सागाते कुला कोतेगे को कोटोङा कान ताइकेना। ने सेणाओ कामि काए: ओमेआ: ठोओर जाना। तारा खाँआट नो: को मेनकेदा- का, बोरो लेरे ओड़ो: कामि का चालाओ:आ। आबु इनकु सोओजे गेबु काजिआ कोआ चि आपे आले इसु पुरा: पे बालाए जाद लेआ। निमिन दिन जाकेद ले साआतिङ केद गेआ मेनदो ओड़ो: काले मानातिङा। आकोआ: कानाजि ताइकेना चि सांगि-पाति लेकोरे आबु मिआद-मिआद ते सोबेन कुलाको बु गोए: चाबाकोआ। आको इमिनाङ काजि जालो: गे मिआद हाड़ाम कुलाए: मेन केदा- ''ओकोरेपे आयुमा कादा चि सांगि-पाति तेरेओ कुलाए को कुला को गोए:आका:इआ चा बिराते को हार गिड़िआ का:इआ?'' माणि-माणिते एन खाआंटे कुलाए को गोसो चाबा गिड़िजाना आ'र को तिरुब गिड़ि केदा। टुण्डु रे मिआद सेणा नोगान कुलाए काजि केदा चि आबु तालारेन मोयोद पोकोतो नो: कुलाए कुला लेका गे बाइ लिआते आबु कुला कोता: भेद आउ लेकाबु कुलिआ। इनिआ: होरा तेगे पाता बु लागाओ लेआ चि चिलकाते आबुआ: कामि बाइउगा।

''नेआ काजि सोबेन हुड्डिङ माराङ कुलाए को पातिआ जाना। मेन्दो नेआ सावाल ताइकेना चि चिलकाते एन कुलाए कुला लेकाए: लेलोगा। नेआ रेआ:ओ सांगि पाति तेको उपाए केदा। मिआद माराङनो: कुलाए गोटा सिरमा खूब को खिआओ- पिआओ कि:आ। निमिनाङ जाकेद चि चारा एमान का नामो: तान रे आपान चारा बानचाओ केआते राटि इनि: को ओमा:इआ, एनका-एनकाते एन कुलाए एटा: कुलाए कोआते इसु पुरा:गे: माराङजाना। एन सिरमागे सोंजोको

15. खरगोशों का कष्ट

एक बार एक जंगल के खरगोशों ने एक बड़ी सभा बुलाई। सभा बुलाने का उद्देश्य था कि हम कैसे सिंहों के मुंह से बच सकेंगे। दिन-दिन उस जंगल के सिंह खरगोशों के रहने की ओर आ रहे थे और धीरे-धीरे खाकर खत्म करते जा रहे थे। इस तरह से बचे हुए खरगोशों के मन में इतना भय समा गया कि उन्होंने उनसे बचने का रास्ता निकालने का निश्चय किया। कुछ ने कहा कि हम इस जंगल से बिल्कुल भाग जाएं। किन्तु उन्होंने यह भी अनुभव किया कि उनके लिए भागकर छिप जाने के लिए कोई और अन्य जगह नहीं थी। वे जंगल के उस कोने में सब ओर सिंहों से ही घिरे हुए थे। कुछ जोशिले खरगोशों ने कहा— नहीं, अब डरने से काम नहीं चलेगा। हम सीधे जाकर उनसे कहें कि तुम हमें बड़ा कष्ट दे रहे हो। इतने दिनों तक हम सहते रहे लेकिन अब से हम मानने वाले नहीं हैं। उनका कहना था कि सब मिलकर हम एक-एक करके सब सिंहों को मारकर खत्म कर देंगे। उनके ऐसा कहते ही एक बूढ़े खरगोश ने कहा— तुमने कहा सुना है कि बहुत सारे खरगोशों ने मिलकर किसी बाघ को कभी मारा है, या जंगल से भगाया है? धीरे-धीरे वे जोशीले खरगोश मुरझा गए और उन्होंने अपना सिर झुका लिया। अन्त में एक किंचित बुद्धिमान खरगोश ने कहा कि हम अपने बीच से एक मजबूत खरगोश को सिंह के वेश में सिंहों के यहां उनका भेद लेने के लिए भेजें। उसी के द्वारा हम पता लगाएंगे कि कैसे हमारा काम बनेगा।

यह बात सभी खरगोशों ने मान ली। लेकिन सवाल था कि कैसे वह खरगोश एक सिंह की तरह दिखाई दे। इसके लिए भी उन्होंने सब ने मिलकर एक उपाय सोचा। एक कुछ बड़े खरगोश को उन्होंने साल भर तक खूब खिलाया-पिलाया। इतना तक कि चारा न मिलने के समय भी उन्होंने अपना खाना बचाकर उसे खाने के लिए दिया। इस तरह से वह खरगोश अन्य खरगोशों से बहुत बड़ा दिखाई देने लगा।

रेआ: काजि चि सेंदेरा तान रे होड़ोको मिआद कुला को तुञ टो: कि:आ मेनदो गोजो: सिदा रे आए: लाता ते: बोलो जाना आ'र एन लेकाते सेंदेरा तान होड़ोको एन कुला काको नाम कि:आ। इनकु सांगि पातिते इनि: को गो: आउ कि:आ। आ'र को पोटा: कि:आ। इनिआ: डाटा को आ'र सारसार को सोबेन को ओचो: कि:आ आ'र एना को सोबेन एन कुला कोता: कुली कुलाए को तुसिङ कि:आ। कुला कोआ: सामपोड़ो को तुसिङ केआद एन कुलाए नाणे: रेआ: डाड़ि दा: रे लेल केना आनादो सारतेगे कुला लेका गे: लेल जाना। हुड़िङ दिन नेआ साना पाना कोए: तुसिङ हेओआ केद चि इनि: कुला को ताइन तान बिरते: सेनो: जाना।

एटे: रे नावा कुला आकोआ: बिरे लेल कि:आते कुला कोआ: जी रे हुड़िङ लेका सनदेह होबा जाना मेनदो इनि: आएआ: हातु दिसुम को नेका जुगुतु, जुगुतुते: उदुब केदा चि इनिआ: काजिको पातिआ जाना। इनि: उदुबाद कोआ चि आले आपेजामा कुला कोगे मिआद चारा दाणातान दाणा तान आले एटा: बिर तेले सेन आदाकान ताइकेना। सेनदेरा कोआ: बोरोते आले आकोआ: पुरना बिरते काको हिजु: रुआड़ा दाड़ि जाना। ना: दो एनता: रेगेले डी डुंगुरि केदा। इनि मेताद कोआ चि आञ आपान पुरना हागा होनकोलो: लेपेल लेका नो: गे आपेता:तेञ हिजु:आ काना। कुलाएआ ने हेड़ेम जागार आयुम केआते कुला को सिदा हागा दुलाड़ा तेको लुम चाबा जाना। इनि: ओकोतेगे: सोनो: जाना, इसु सुगाड़ा ते: जोगाओ जाना।

कुलाए एन कुलाको ताला रे ताइन तान लो: आ'र होनोर बेड़ा तान लो: नेआए: मुंडिकेदा चि कुला कोआ: जी रे कुलाए को नागेन चिमिनाङ हिलाङ हेनदो पेरे:आ काना। इनि: नेआए: मुंडिकेदा चि इनकु कुलाए को चिलका पोसोड़ा तेको लेल जाद कोआ। एन कुला को लेकाते दो माणि-माणि ते सोबेन कुलाए को जोम चाबाओ:का।

कुलाए नेआ जागार को सोबेन जी रे: दो केदा आ'र मुसिङ हापे-हापेते एन कुला कोआ: बिराते: निर जाना आ'र आएआ: हागा होन कोता: ते: रुआड़ा जाना। आपान हागा इसु दिन तायोमते: रुआड़ाकाना मेनेआ: काजि आयुम केआते हुड़िङ माराङ सोबेन कुलाए को जामान जाना आ'र नावा जागार इतुन नागेन लुतुर को चुडुकुद केदा। कुला कोरे कुलाए-पोसोड़ा पेरे:आकाना, मेनेआ: आयुम केआते कुलाए को इसु पुरा: खाएराओ केद कोआ। ''ना: दो आबु नागेन मिआद एटा: बिर नामले एनाङबु टीकिओ:आ। ने कुला को तालारे ताइ ताइते आबु नांगेन जेतान

उसी वर्ष, संयोग की बात है कि शिकार करने के समय लोगों ने एक सिंह को तीर से लगाया किन्तु मरने के पहले ही वह अपने खोह में घुस गया और इस तरह शिकारी उसे नहीं पा सके। वह सिंह खोह में ही मर गया। कैसे-कैसे खरगोशों ने उस सिंह को पाया। सब मिलकर वे उसे ढोकर लाये और उन्होंने उनकी खाल उखाड़ी। उसके दांत और नाखून उखाड़े और उन्हें सिंहों के यहां भेजे जाने वाले खरगोश को पहना दिया। सिंहों का पहनावा पहनकर उस ने जब डाड़ी के पानी में देखा तो उसे लगा कि वह सचमुच ही एक सिंह की तरह दिखाई दे रहा था। कुछ दिनों के बाद जब उसे यह पहनावा पहनने की आदत हो गई तो वह सिंहों के जंगल में चला गया।

शुरु में एक नये सिंह को अपने जंगल में पाकर सिंहों को कुछ संदेह हुआ किन्तु उसने उन्हें अपना नाम गांव इस तरीके से बताया कि उन्होंने इसकी बात मान ली। उसने उन्हें बताया कि हम तुम्हारे ही दल के सिंह हैं। खाने की खोज में एक दूसरे जंगल में भटक गये थे। शिकारियों के डर से हम अपने पुराने जंगल में वापस नहीं आ सके। अब तो हमने वहीं अपना गांव-ग्राम बसा लिया है। उसने उन्हें बताया कि मैं अपने बिछुड़े भाइयों के साथ मिलने के तौर पर ही आप लोगों के पास आया हूँ। खरगोश की यह मीठी बात सुनकर सिंह भ्रातृ-प्रेम से द्रवित हो गए। वह जहां भी गया, बड़ा सम्मानित हुआ।

सिंहों के बीच रहते हुए और विचरते हुए खरगोश को मालूम हुआ कि सिंहों के मन में खरगोशों के प्रति कितनी घृणा भरी हुई है। उसे मालूम हुआ कि किस तरह सिंह खरगोशों को हीन दृष्टि से देखते हैं। उन सिंहों के अनुसार ती धीरे-धीरे सारे खरगोश खाकर खत्म किये जाएं।

खरगोश ने ये सारी बातें मन में रखीं और एक दिन चुपचाप सिंहों के जंगल से भाग गया और अपने भाई बन्धुओं के पास वापस आया। हमारा भाई बहुत दिनों के बाद वापस आया है ये सुनकर छोटे-बड़े सभी खरगोश जमा हुए और नई बात सुनने के लिए उन्होंने अपने कान खड़े किये। सिंहों के मन में खरगोशों को हीन दृष्टि से देखने की भावना भरी है ये सुनकर खरगोशों को बड़ा क्रोध आया। 'अब तो अपने लिए एक अलग जंगल प्राप्त करने पर ही हमारा कल्याण सम्भव है। इन सिंहों के

सुकु बानोः जाना।'' मेनेआःगे सोबेन को काजि केदा। नेआ को लेल केआते सालाआकान कुलाए मिआद माराङ दुनुबेः राः केदा आ'र एनरे इनिः आपान हागा को नांगेन मिआद बिर कुला कोआः राजआते बिनगाए रेआः काजिः काजि केदा। इनिः आकोएः उदुबाद कोआ चि आञ आबुआः जागार को इदि केआते कुला कोताःञ सेनोगा आ'र आकोआः राजाः सानामाङ रेञ दोएआ।

एन ताला रेगे कुला को मुंडिकेदा चि एन हालिरे आकोताः हिजुः लेन कुला ओड़ोः जेताए दो का एन कुलाए गेः ताइकेना। हिजुः तुपुरुब दाल रेन आगुआ एन कुलाए आकोआः सोबेन भेएदेः इतुआन लेकाते खींसिते कामि आउ काकोआः जाना चिआः चि आको बिर रेन एटाः जीव-जानतु कोताः बादनाआमोः रेआः बोरो ताइकेना, एना मेनते आको सेणा खारचा को मोने केदा। मुसिङ आको एन कुलाए को राः कुल किःआ। नेण्डाकान हुलाङ कुलाए आकोताः हिजुःलेन इमताङ कुला कोआः राजा आएः गे एन कुलाए दारोमेः उडुङ जाना। कुला कोआः सभा रे इनिः आपान जापाः रेगेः दुब किःआ। कुलाए कुला कोआः राजा लेकागे जोम नू आ'र सोबेनाःगेः नाम केदा। सिदा हिनिःजुः रे चिमिनाङ माइन जाइन होबा लेना एनाआते ओड़ोः पुराःगे निसुकान दोएः सालांगि जाना। एन कुलाए कुला कोआः राजा लोः ताइ ताइते आएः लेकागे सुकु रे ताइनेः हेओआ जाना। माणि-माणिते जी बितार रेः सानाङ जाना चि नेकागे होनाङ जाओगे सुकु रेञ ताइन रे। मिसा-मिसा इनिः उडुः रुआड़ाः चि चिलका आको दिसुम रे रेंगेः राबाडगेः ताइन ताना आ'र चिलका आएआः सोबेन हागा को बालाए ताना। मेनदो इनिः निमिनाङ सुकुआरि हेओआ जाना चि कुला कोआः राजा कोताः चानाः चिकाएः हिजुः लेना मेनेआः राटिःए रिड़िङ केदा। नेआको मुंडि केद चि कुला कोआः राजा इनिएः राःकुल किःआ। कुलाए होपोरेन जान चिः कुलि किःआ- ''मार तोबे चिलकाते नामिनाङ सांगिनतेम हिजुःआ काना?'' आड़ाः उडुः तान लोः कुलाए आएआः जागारेः जागार केदा। ''हे मिआद दो नेआगे चि आञ आमताङ आपे लेका बाइको:आते आपेआः भेएद आगुञ हिजुः लेना। नेआ मोद लेकाते दो का ठीकि कामिञ कामि केदा। आञ एना रेआः मापिञ आसि ताना। मोद लेकाते दो आञ ने कामि रे जेतान दोंओस का होबाःओ लागातिङा, चिआः चि आले कुलाए को सारतेगे आमाः राज रेले बालाए ताना। आले ताइन मुलि माणि-माणिते इसु किसिम रेन बिर जानवार को बोलो इदि ताना आ'र इनकु रे लाआः उतार दो आले जोम तेगेको नाम जाद लेआ। आले माणि-माणितेले आद चाबा उतार ताना आ'र जेएले सारेःआ काना इनकु निदा आ'र सिंगि बोरो रेगेले ताइन ताना।'' कुला कोआः राजा कुलाए नेआ कोगेः जागारेआ मेनेआः सिदा रेगेः ठोओरा कादेः ताइकेना। आएः नेआओएः उडुगा काद ताइकेना चि कुलाए चिलका जाबाब ओम लागातिङा- ''हे आपे आलेआः राज रे

बीच रहते-रहते हमारे लिए कोई सुख नहीं रह गया।' यही सब ने कहा। यह सब देखकर चुने हुए खरगोश ने एक बड़ी सभा बुलाई और उसमें उसने अपने भाईयों के लिए सिंहों के राज्य से एक अलग राज्य बनाने की बात कही। उसने उन्हें बताया कि मैं हमारी बातों को लेकर सिंहों के पास जाऊंगा और उनके राजा के सामने रखूंगा।

इसी बीच सिंहों को पता चला कि हाल ही में उनके पास जो सिहं आया था वह और कोई नहीं वही खरगोश था भावी विरोधी दल का नेता। खरगोश चूंकि उनका सारा भेद जानता था इसलिए उन्होंने क्रोध से काम नहीं लिया। क्योंकि उन्हें जंगल के दूसरे जानवरों के बीच बदनाम होने का भय था। इसलिए उन्होंने बुद्धि से काम लेने का निश्चय किया। एक दिन उन्होंने उस खरगोश को आमन्त्रित किया। नियत समय पर जब खरगोश उनके पास आया तो सिंहों के राजा स्वयं उसका स्वागत करने को बाहर आया। सिंहों की सभा में उसने उसे अपने ही पास में बैठाया। खरगोश को सिंहों के राजा की ही तरह खान-पान की सारी चीजें मिली। इस बार उसे पहले से भी अधिक मान-सम्मान मिला। खरगोश को सिंहों के राजा के साथ रहते-रहते उसी की तरह सुख में रहने की आदत पड़ गई। धीरे-धीरे वह मन में चाहने लगा कि काश! मैं हमेशा ऐसा ही सुख में रहता। कभी-कभी वह सोचता कि कैसे वह अपने देश में गरीबी में ही रहता है और कैसे उसके सारे भाई-बन्धु विपत्ति में हैं। लेकिन उसे सुख और आराम में रहने की ऐसी आदत हो गई कि वह यह भूल गया कि वह किस लिए सिंहों के राजा के यहां आया था। जब सिंहों के राजा को इन बातों का भान हो गाय तो उसने खरगोश से पूछा— ''कहिए कैसे इतनी दूर से आना हुआ?'' संकोच के साथ खरगोश ने अपनी बात कही– ''हां, ...एक तो यह कि मैं पिछली बार आप ही की तरह बनकर आपका भेद लेने के लिए आया था। एक प्रकार से तो मैंने यह ठीक नहीं किया। मैं उसके लिए क्षमा प्रार्थी हूँ। एक प्रकार से तो मुझे इसमें कुछ भी दोष नहीं लगना चाहिए क्योंकि हम खरगोश सचमुच ही आपके राज्य में बड़ी विपत्ति में हैं। हम जिधर रहते हैं उधर धीरे-धीरे अनेक प्रकार के जंगली जानवर घुसते जा रहे हैं और उनमें से अधिकांस तो हमें खा ही जाना चाहते हैं। हम धीरे-धीरे बिल्कुल ही समाप्त होते जा रहे हैं और जो भी बचे हैं वे दिन-रात भय में ही रहते हैं।'' सिंहों का राजा पहले ही से जानता था कि खरगोश यही सब बातें करेगा। उसने यह भी सोच रखा था कि उसे किस तरह का जवाब देना चाहिए— ''हां, आप लोग हमारे राज्य में कुछ कठिनाई

हुड़िङ लेका दोपे बालाए तान गेआ, मेनदो नेआओ मेना: चि आपे राज चालाओ कामि रे जेता इमताङ कापे टोगाकान लेकाते बिनगाते बिर ओमापेरेओ राज दो कापे चालाओ दाड़ि लेकाञ आटाकारेआ। एना मेन्ते बिनगाए सिदा आपे दिसुम चिलका चालाओ लागातिङा मेनेआ: इतुन रेआ: दारकार मेना:। ना: दो, आम काजि केद लेकाते, आपे तालाआते इसु पुरा: कुलाए को राज-पाट चालाओ कामि रेबु आचु कोआ, कुला कोआ, राजा ओड़ो:गे होनाङे: जागार इदि गेआ मेनदो एन ताला रेगे कुलाए काजि कोटोङ केदा– ''हों, मोद टुङेञ जागार लेआ.....। मापाराङ दिसुम चालाओ रेआ: कामि दो जेता इमताङ काले कामिआ कादा, मेनदो ओड़ा: दुआर आ'र हातु-टोला चिलकाते बुगिनो:आ मेनेआ: दोले इतुआनगेआ। दिसुम जिमा जान रेदो एनाओ गे एन लेका नो: गेले चालाओएआ। एना मेनते दिसुम काले चालाओ दाड़िआ: मेनेआ: जागार तेदो काम ठीकि जाद लेआ।'' कुला कोआ: राजा कुलाए आओंते काए: मुलिओ:आ मेनेआ:ए मुंडि केदा। इनि: मोदचोकोए: धामकाओ जाइ: लेकाए: मेताइ ताना— ''आञ दो आपे लेकान को चिलकातेपे राबालो:आ मेनेआ: गेञ उडु:ताना। आपान हागा जाति को चिलकाते सुकु तेको ताइनो:आ मेनेआ: उडु: दो इसु बुगिना, मेनदो आम एसेकारगे चिमिनाङेम दाउड़ि बाड़ाएआ। सोमाएओ ताम सेनो: ताना आ'र होन गाणा कोओको सांगि गेआ। इनकुआ: आयार तेआ: जिनगानिओ आम उडु: लागातिङा। आम आञा: काजि लेकाम सेसेन रेदो आपे बिनगाते राज आउ रेआ: दारकारो का होबाओ:आ आ'र आमो सुकुतेम ताइना। आञ तिसिङ गे आलेआ: होड़ोकोञ हुकुमाकोआ चि आमा: होन-गाड़ांको जूगु-जूगु नांगेन जेता किसिम रेआ: दुकु आलो काको नामे आ'र जिनिद बाआरि आञ लेकागे सुकु आ'र माइन लो:ते ताइन में।''

कुलाए कोआ: नेता सिदा रेगे कुला कोलेका ताइने: हेओआ चोटे:आ कान ताइकेना। जिनगानि बा'रि बेगार कामि ते राजा को लेका सुकु नामो: रेआ: होरा लेल केआते आएआ: हागा को सोबेने: रिड़िङ केद कोआ आ'र कुलाए: हेआ:इआ। हुड़िङ लेका दो बोरो तेओ:ए हे केदा चिआ: चि कुला लो: जागार तान इमताङ तायोम सा:ए हेता ला:, आना दो दुआर ता:रे बारिआ बोरोआन गे लेलो: कुला किन दुआर किन कोटोङाकादा।

कुला कोआ: राजा लो: जापागार होबा जान तायोम ते कुलाए राजा सागाते ओमाकान इसु पुरा: भेंएटे को कुटुङा कालो: आकोआ: बिर ते: रुआड़ा लेना। ''आबुआ: गोमके हिजु: रुआड़ा काना'' मेनते आएआ: हागा को इसु पुरा: को रासिका जाना आ'र को जुरु बिउर ताआब कि:आ। आबु नांगेन नावा दिसुमे: नाम आउ तादा मेनते सोबेन को रासिका ताना। आएआ: सोबेन

में तो हैं, किन्तु यह भी है कि आप लोग राज्य चलाने के काम में कभी पड़े नहीं हैं इसलिए आपको अलग से जंगल देने पर भी मुझे लगता है कि आप राज्य नहीं चला सकेंगे। इसलिए अलग जंगल पाने के पहले, आपको राज्य कैसे चलाना चाहिए, इन सब बातों को सीखने की जरूरत है। अब से जैसा कि आपने कहा, हम आपके बीच से बहुत से खरगोशों से राज चलाने के काम में लागाएंगे।'' सिंहों का राजा आगे और भी कहता जाता लेकिन खरगोश ने बीच में ही बात काटी— ''जरा रुकिए, एक बात....यह ठीक है कि हमने कोई बड़ा राज चलाने का काम नहीं किया है लेकिन इतना तो हम जानते ही हैं कि कैसे हमारे घर-द्वार और गांव-ग्राम का कल्याण होगा। राज्य मिलने पर तो उसे भी हम उसी तरह चलाएंगे। इसलिए 'तुम राज्य नहीं चला सकोगे?' यह कहकर आप ठीक नहीं कर रहे हैं।'' सिंह के राजा को यह मालूम हुआ कि खरगोश यों सीधे रास्ते पर नहीं आएगा। उसने उसे कुछ धमकी देने की तरह कहा— ''मैं तो यही सोच रहा हूँ कि आप जैसों का काम कैसे आसान हो। आपका ये सोचना ठीक ही है कि आपके जात-भाई कैसे सुखी हों। लेकिन आप अकेले कब तक दौड़ते फिरिएगा? आपकी उम्र भी बीत चली और आपके बाल-बच्चे भी बहुत हैं। उनकी भावी जीवन के बारे में भी आपको सोचना चाहिये। अगर आप मेरे कथनानुसार चलें तो आपको अलग से राज्य लेने की भी आवश्यकता नहीं होगी और आप स्वयं भी सुख से रहेंगे। मैं आज ही अपने लोगों को हुक्म दूंगा कि आपकी संतान को युगों तक किसी प्रकार की तकलीफ न हो। आप भी जब तक जीवित हैं मेरी ही तरह सुख और सम्मान से रहें।''

खरगोशों के नेता को पहले ही सिहों की तरह रहने की आदत कुछ-कुछ लग चुकी थी। जिन्दगी भर बिना काम किये राजाओं की तरह सुख पाने का रास्ता देखकर वह अपने भाई बन्धुओं को भूल गया और उसने सिंह को अपनी सहमति दे दी। कुछ तो उसने डर के मारे भी 'हां' कहा क्योंकि सिंहों के राजा के साथ बात करते हुए उसने एक बार पीछे देखा था तो पाया कि गेट पर दो डरावने सिंह दरवाजा रोके हुए हैं।

सिंहों के राजा के साथ बात खत्म होने के बाद खरगोश राजा की ओर से दिये गये बहुत सारी भेंट की वस्तुएं लिए हुए अपने जंगल में वापस आया। 'हमारे नेताजी वापस आये हैं।' यह सोचकर उसके भाई बन्धु बहुत प्रसन्न हुए। तुरन्त

